# University in News on 20 August 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : बीटेक का रिजल्ट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीटेक छठे सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया है। छठे सेमेस्टर में कुल 289 स्टूडेंट थे, जिनमें से 285 का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। तीन विद्यार्थियों ने अपनी फीस जमा नहीं की है, जबकि एक एडमिशन नहीं लिया था। विद्यार्थी अपना रिजल्ट विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**HINDUSTAN PAGE 2 & 4**

## शिक्षा नीति के लिए 17 सदस्यीय टास्क फोर्स

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उत्तर प्रदेश में सफल क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए 17 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा इस टास्क फोर्स के अध्यक्ष और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री डा. सतीश चन्द्र द्विवेदी सह अध्यक्ष होंगे। इसकी पहली बैठक 27 अगस्त को होगी।

इस टास्क फोर्स के सदस्य सचिव महानिदेशक बेसिक शिक्षा विजय किरन आनंद हैं। पूर्व सचिव, केन्द्र सरकार अनिल स्वरूप, राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. जी.सी त्रिपाठी, सीबीएसई के पूर्व अध्यक्ष अशोक गांगुली, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष वाचस्पति मिश्र, माध्यमिक शिक्षा के पूर्व निदेशक वी.पी.खंडेलवाल

**गठन**

- उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में गठित हुई टास्क फोर्स
- शिक्षा नीति पर क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स की बैठक 27 को

व कृष्ण मोहन त्रिपाठी इसके सदस्य होंगे। वहीं अधिकारियों को भी इसमें जगह दी गई है। एकेटीयू के कुलपति डा. विनय पाठक, बेसिक शिक्षा की अपर मुख्य सचिव रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा एस. राधा चौहान, उच्च शिक्षा की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस. गर्ग, माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला समेत लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. अरविंद मोहन, डॉ. निशी पांडेय व डॉ. अब्बास नैयर भी सदस्य के रूप में रहेंगे।

**NBT PAGE 5**

## 110 और पदों पर होगी गेस्ट फैकल्टी की भर्ती

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को 16 विभागों में 110 पदों पर और भर्तियां निकाली हैं। इन पदों पर विषय विशेषज्ञों व अतिथि प्रवक्ताओं के तौर पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। विवि के प्रवक्ता ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 25 अगस्त से सात सितंबर तक होंगे। अभ्यर्थी पदों व साक्षात्कार की विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

## बीटेक छठे सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीटेक छठे सेमेस्टर में प्रमोट हुए स्टूडेंट्स का रिजल्ट घोषित कर दिया है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस कोर्स में कुल 289 स्टूडेंट्स हैं। इनमें से तीन का रिजल्ट फीस जमा न करने की वजह से रोक दिया गया है।



## एलयूः 1 सितंबर को जारी होंगे प्रवेश पत्र

लखनऊ विश्वविद्यालय में सात सितंबर से शुरू हो रही अन्तिम वर्ष की परीक्षा के प्रवेश पत्र एक सितंबर तक जारी होंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमके सक्सेना का कहना है कि जल्द निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

**PIONEER PAGE 4**

## एलयू ने घोषित किये बीटेक के परिणाम

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीटेक छठे सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के नतीजे जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में कुल 289 छात्र.छात्राएं हैं। इनमें से तीन छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम रोक दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इन छात्रों ने परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है। अगले सेमेस्टर में भी प्रवेश नहीं लिया है।

**DAINIK JAGRAN PAGE 2**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को डिप्टी सीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित

**17 सदस्यीय होगी टास्क फोर्स 27 को होगी पहली बैठक**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** यूपी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को बेहतर ढंग से लागू करवाने के लिए, उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सतीश द्विवेदी को सह अध्यक्ष बनाया गया है।

यह टास्क फोर्स बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा में किस तरह बेहतर ढंग से नई शिक्षा नीति को लागू किया जाए इस पर अपने सुझाव देगी। टास्क फोर्स की पहली बैठक 27 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

टास्क फोर्स में सदस्य के रूप में डॉ. गिरीश चंद्र त्रिपाठी, रेणुका कुमार, राधाएस चौहान, मोनिका एस गर्ग, आराधना शुक्ला, अनिल स्वरूप, अशोक गांगुली, प्रो. विनय कुमार पाठक, वाचस्पति मिश्रा, वीपी खंडेलवाल व कृष्ण मोहन त्रिपाठी, निशी पांडेय, अरविंद मोहन, डॉ. अब्बास नैयर व विजय किरण आनंद शामिल हैं।

**AMRIT VICHAR PAGE 2**

## बीटेक के छठे सेमेस्टर का परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीटेक छठे सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के नतीजे जारी कर दिए गए। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में कुल 289 छात्र-छात्राएं हैं। इनमें, से तीन छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम रोक दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इन छात्रों ने परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है। अगले सेमेस्टर में भी प्रवेश नहीं लिया है। बता दें विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा शुल्क जमा ना कर पाने वाले छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट न करने का फैसला लिया। 1 दिन पहले जारी बीएससी मैथ्स और बायो के नतीजों में करीब 355 छात्रों के परीक्षा परिणाम रोक दिए गए थे।